# **मीन** राशि फल वर्ष २०२६

**मीन राशि:** वर्षारम्भ से मीन राशि से गोचर कर रहे शनि से  स्वास्थय लाभ होगा। रोगो से छुटकारा मिलेगा। कार्यो में सफलता मिलेगी। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। धनागमन बढ़ेगा। आचरण के प्रति सावधान रहे। वर्ष के प्रारम्भ से मिथुन राशि से गोचर कर रहे गुरु से मन अशांत रहेगा। व्यवसाय में हानि रहेगी। स्थान परिवर्तन होगा। परिस्थितिया विकट बनेगी। अपमान जनक स्थितियो से सामना होगा। अक्समात का भय रहेगा। 02 जून से गुरु के कर्क से गोचर में जीवन में सभी प्रकार की उन्नति होगी। कार्यो में सफलता मिलेगी। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। सन्तान प्राप्ति होगी। शासक वर्ग से लाभ होगा। 31 अक्तूबर मध्यान्ह से गुरु के सिंह राशि से  गोचर में मन अनेक कारणो से शोक ग्रस्त रहेगा। धन की कमी अनुभव होगी। पेट के अथवा किसी अन्य रोग से पीड़ा होगी। विरोधियो का वर्चस्व बढ़ेगा। शार्ट सर्किट तथा अग्निकांड़ो के प्रति सचेत रहे।

**जनवरी:** चले आ रहे मुकद्दमो में विजय होगी। कोर्ट कचहरी के मामलो मे आपके इच्छित परिणाम प्राप्त होगे। प्रशासकीय सहयोग मिलेगा। भवन के किराये में वृद्धि से आय में वृद्धि होगी। भूमि-भवन से लाभ के लिये उत्तम समय है। सहोदरो को लाभ होगा। स्वयं भी सहोदरो से लाभ प्राप्त करेगे। वरिष्ठो का अनुग्रह प्राप्त होगा। मांगलिक उत्सव होगे। रोगो से छुटकारा मिलेगा। स्वास्थय उत्तम रहेगा। योग्य व्यक्तियो को सन्तान  प्राप्ति होगी। शुभ कार्यो की प्रवृति रहेगी। पारिवारिक वातावरण मैत्रीपूर्ण रहेगा।

शुभ दिन **:** 02, 04, 06, 08, 13, 23, 29,

अशुभ दिन **:** 11, 16, 18, 21, 25, 31

**फरवरी :** आर्थिक लाभ होगा परन्तु कार्यो में विघ्न बाधाये बनी रहेगी। चोट लगने, किसी वस्तु की चोरी अथवा खोने का भय रहेगा। नया सहयोग क्रियान्वित होगा। भोग- विलास के संसाधन क्रय करेगे।  वस्त्रो अथवा सफेद वस्तुओ के व्यापार से हानि होगी।  13 फरवरी से पारिवारिक सम्बन्धो में तनाव आयेगा। स्थान परिवर्तन होगा। सुदूर स्थान की यात्रा होगी। पद प्रतिष्ठा की हानि होगी। कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में कठिन परिस्थितिया उत्पन्न होगी। नौकरीपेशा वर्ग में टर्मिनेशन सस्पेन्शन तथा स्व रोजगार कर रहे व्यक्तियो को रोजगार हानि का सामना करना पड़ेगा। प्रशासनिक भय बनेगा। व्यय बढ़ेगा। सन्तान के कारण कष्ट होगा।

शुभ दिन **:** 02, 05, 10, 19, 23, 26,

VYAS PANCHANG

**अशुभ दिन :** 07, 12, 15, 17, 21, 28

**मार्च :** मानसिक व्यथा समाप्त होगी। पारिवारिक समस्याओ का समाधान होगा। घर परिवार का सुख मिलेगा। स्वास्थय में सुधार होगा। शारीरिक अवस्था के अनुरुप थकावट, नेत्र रोग, रक्तचाप अथवा हृदय रोग का भय मिटेगा। सम्बन्धियो का सहयोग मिलेगा। कार्यो में सफलता मिलेगी। सफल यात्राये होगी। स्वभाव में सौम्यता आयेगी। प्रशासकीय लाभ मिलेगा। मनोरंजन, गायन, वादन, शिक्षा तथा अध्ययन में रुचि रहेगी। पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थय उत्तम रहेगा। शारीरिक सौन्दर्य में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुये प्राप्त करेगे। विरोधी परास्त होगे।

शुभ दिन : 02, 04, 09, 18, 23, 25, 29, 31

अशुभ दिन : 06, 11, 14, 16, 21, 27,

**अप्रैल:** स्वास्थय लाभ होगा। शल्य क्रिया आपरेशन अथवा चोट लगने से बचाव होगा। पारिवारिक मतभेद समाप्त होगे। बन्धु बान्धवो का सहयोग रहेगा। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। असामाजिक तत्वो से छुटकारा मिलेगा। कार्यो में अच्छी सफलता मिलेगी। लाभदायक यात्राये होगी। उपद्रव समाप्त होगे। 14 अप्रैल से दुर्जन तथा निम्न स्तरीय व्यक्तियो से मेल मिलाप बढ़ेगा। स्वयं के विचारो में धूर्तता का समावेश होगा। कृषि तथा वाणिज्य दोनो ही में हानि होगी । धन हानि के प्रति सावधान रहना होगा। अति प्रिय एवं निकटस्थ व्यक्तियो से धोखा होगा। अपने स्वभाव की कठोरता से मुक्ति पाने का प्रयास करे।

शुभ दिन : 03, 15, 17, 19, 21, 25, 28, 30

अशुभ दिन : 05, 08, 10, 13, 23,

**मई :** प्रायः ही सभी कार्य में सफलता मिलने से  वाणी में मृदुलता आयेगी। दुष्ट व्यक्तियो का साथ छूटेगा। राजकीय सहायता मिलेगी। उधार दिया हुआ अथवा खोया हुआ धन वापस मिलेगा। पाचन सम्बन्धी रोगो से मुक्त होगे। मानसिक तथा शारीरिक रुप से सक्षम रहेगे। परिश्रम के अनुरुप सफलता मिलेगी। उच्चाधिकारियो से सम्पर्क बनेगे। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। पुत्र तथा मित्रो के माध्यम से धन लाभ होगा। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा। अपने सद्व्यवहार से कार्यो में सफलता प्राप्त करेगे।

शुभ दिन : 12, 14, 16, 18, 23, 25, 27

**अशुभ दिन :** 03, 05, 08, 10, 20, 30

VYAS PANCHANG

**जून:** यात्राओ से लाभ होगा। भू-सम्पत्ति के मामलो में सफलता मिलेगी। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियो से सहायता मिलेगी। तार्किक क्षमता का लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी बहुमूल्य धातु की प्राप्ति होगी। धातुओ के व्यापार से लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। मित्रो का सहयोग रहेगा। शारीरिक व्यथा समाप्त होगी। घर परिवार में सुख- शांति रहेगी। सुख ऐश्वर्य मिलेगा। व्यसनो से दूर रहेगे। प्रत्येक कार्य में सफलता मिलने से मन उत्साहित रहेगा।

शुभ दिन : 11, 13, 15, 21, 26, 29

अशुभ दिन : 01, 04, 06, 09, 17, 19, 24,

**जुलाई :** विवादो में सफलता मिलेगी। अपनी शर्तो पर समझोता करेगे। सहयोगियो तथा साझेदारो के साथ वैचारिक साम्यता रहेगी। सफल लाभकारी यात्राये होगी। 16 जुलाई से मन किसी के प्रति आसक्त होगा। अपव्यय होगा। मन व्यग्र तथा भ्रमित रहेगा। प्रबल विरोध के चलते शारीरिक तथा मानसिक शक्ति में कमी आयेगी। स्वयं तथा सन्तान का स्वास्थय विपरीत रुप से प्रभावित होगा। यात्राओ में दुर्घटना का भय बनेगा।

शुभ दिन : 04, 10, 12, 18, 23,

अशुभ दिन : 01, 06, 08, 14, 16, 21, 26, 28, 31

**अगस्त:** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। ऐश्वर्य तथा दैनिक उपभोग की वस्तुओ का संग्रह होगा। भूमि-भवन तथा स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी समस्यायो का समाधान होगा। विधि सम्मत कार्य सम्पन्न करने में रुचि बनेगी। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मातृतुल्य महिलाओ को रोगो से छुटकारा मिलेगा। विरोधी परास्त होगे। पारिवारिक समस्याओ का समाधान होगा। 17 अगस्त से विराधी मुखर होगे। प्रशासनिक प्रताड़ना मिलेगी। मान, पद प्रतिष्ठा की हानि होगी। मानसिक अशांति रहेगी।

शुभ दिन : 07, 09, 15,

अशुभ दिन : 02, 04, 11, 13, 17, 20, 22, 25, 27, 29

**सितम्बर :** व्यवसायिक बाधाये समाप्त होगी। यात्राओ से लाभ मिलेगा, सफलता मिलेगी। परिवार एवं मित्रो से विवाद समाप्त होगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। सन्तान रोग मुक्त होगी। अपच, उदर विकार तथा कब्ज आदि से छुटकारा मिलेगा। धन तथा मान सम्मान मिलेगा मन प्रसन्न रहेगा। 18 सितम्बर से आर्थिक स्थिति में

VYAS PANCHANG

सुधार होगा। आय बढ़ेगी। पाचनतंत्र में सुधार होगा। विरोध समाप्त होगा। विधि सम्मत नियमानुकूल कार्य करेगे। मान- प्रतिष्ठा, गौरव बढ़ेगा। सन्तान सुख रहेगा। विचारो में सात्विकता आयेगी।

शुभ दिन : 03, 05, 16, 23, 30

अशुभ दिन : 01, 07, 09, 11, 14, 18, 21, 26, 28,

**अक्तूबर:** पूर्व में किये गये कार्यो - विशेषकर गलत कार्यो के परिणाम स्वरुप विरोधियो से झगड़ा होगा। उच्च रक्त चाप अथवा ज्वर से पीड़ित होगे। अपच रहेगा। शासन -प्रशासन से भय की स्थिति बनेगी। सबसिडी की हानि होगी। राजकीय दंड् का भुगतान करना होगा। दाम्पत्य जीवन अवरोध आयेगा। भय तथा अपमान की स्थिति बनेगी। व्यय अधिक होगा। मास के अन्त में विग्रह-विवादो की स्थिति बनेगी। शासन- सत्ता का भय रहेगा। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। पेट अथवा किसी अन्य रोग से कष्ट होगा। विरोधियो का वर्चस्व बढ़ेगा। शार्ट सर्किट तथा अग्निकांड़ो के प्रति सचेत रहे।

शुभ दिन : 02, 21, 27, 29

अशुभ दिन : 04, 06, 09, 11, 13, 16, 18, 23, 25,

**नवम्बर :** नवीन साधनो, स्टार्टअप से धनागमन उत्तम रहेगा। बहुमूल्य धातुये लाभ देगी। रोगो से छुटकारा मिलेगा। कोर्ट कचहरी के मामलो में सफलता मिलेगी। विरोधियो पर प्रभाव स्थापित करने में सफल होगे। विवादो का अन्त होगा। मिथ्या अपवादो से छुटकारा मिलेगा। अकारण भय का निवारण होगा। मन प्रसन्न रहेगा। मानसिक शंाति मिलेगी। मान-प्रतिष्ठा तथा प्रभाव में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी प्रियजन से सम्पर्क होगा। वरिष्ठो मित्रो तथा सहोदरो का सहयोग प्राप्त होगा।

शुभ दिन : 10, 20, 24, 26,

अशुभ दिन : 01, 03, 05, 12, 15, 17, 22, 28, 30

**दिसम्बर :** स्वास्थय खराब रहेगा। वरिष्ठो एवं सम्मानित व्यक्तियो से विरोध होगा। किसी प्रतिष्ठित कार्य में विफलता से पदावनति का भय रहेगा। पारिवारिक सुख समृद्धि में कमी आयेगी। पद प्रतिष्ठा तथा मान-सम्मान की हानि होगी। 22 दिसम्बर से वाक्चातुर्य से हानि होगी। व्यवसायिक सफलता में विलम्ब होगा। सामाजिक कार्यो से मन हटेगा। मिथ्या अपवाद से बचाव होगा। खानपान सुधरेगा। सदव्यवहार का लाभ मिलेगा।

शुभ दिन : 23, 25,

VYAS PANCHANG

अशुभ दिन : 02, 04, 07, 12, 14, 17, 19, 21, 27, 29

VYAS PANCHANG